NJ FAMILYCARE

किफायती हेल्थ कवरेज। गुणवत्तापूर्ण देखभाल।

Philip D. Murphy,
गवर्नर
Tahesha L. Way,
लेफ्टिनेंट गवर्नर
स्टेट ऑफ न्यू जर्सी

बच्चे और 65 वर्ष से कम की आयु वाले बालिग व्यक्ति

NJ फैमिलीकेयर न्यू जर्सी के निवासियों के लिए सार्वजनिक रूप से वित्तपोषित स्वास्थ्य बीमा है। यह मुफ्त या कम लागत पर गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सम्बन्धी देखभाल प्रदान करता है। NJ फैमिलीकेयर कार्यक्रम में CHIP, मेडिकेड और मेडिकेड विस्तार के लोग शामिल होते हैं।

क्या शामिल है?

NJ फैमिलीकेयर राज्य द्वारा अनुबन्धित स्वास्थ्य योजनाओं के माध्यम से पूर्ण स्वास्थ्य देखभाल कवरेज प्रदान करता है। NJ फैमिलीकेयर में स्वास्थ्य सम्बन्धी देखभाल की अधिकतर ज़रूरतें कवर होती हैं, जिनमें निम्नलिखित शामिल हैं:

- डॉक्टर की विज़िट्स
- नुस्खे यानि प्रिस्क्रिप्शंस
- प्रयोगशाला सम्बन्धी जाँच
- एक्स-रे
- अस्पताल में भर्ती
- दंत चिकित्सा
- चश्मे
- मानसिक स्वास्थ्य सेवायें
- विशेषज्ञ डॉक्टर की विज़िट्स
- ऑटिज़्म सेवाएं
- कम्यूनिटी डुला सेवाएं
- व्यक्तिगत देखभाल की जरूरतों में मदद

कौन योग्य है:

किसी भी उम्र के योग्य न्यू जर्सी निवासी NJ फैमिलीकेयर के लिए पात्र हो सकते हैं। इसमें बच्चे, माता-पिता, केयरटेकर रिश्तेदार, और बिना आश्रित बच्चों वाले बालिग लोग शामिल हैं। पात्रता आवेदक के नवीनतम संघीय टैक्स विवरणी पर रिपोर्ट की गयी आय और परिवार के आकार पर आधारित है। हालाँकि, NJ फैमिलीकेयर जानकारी का सत्यापन करने के लिये अन्य स्रोतों, जैसे कि वेतन के स्टब्स का उपयोग कर सकता है। बच्चों के लिये आय की पात्रता बालिग लोगों के लिये आय की पात्रता से अधिक है। (चार्ट देखें)

अधिकतम मासिक आय
1 जनवरी, 2024को

आपकी संघीय टैक्स विवरणी पर रिपोर्ट किया गया परिवार का आकार और आपकी मासिक आय

परिवार का आकार*	बच्चे (19 वर्ष से कम आयु)	माता-पिता एवं एकल बालिग व्यक्ति (आयु 19-64 वर्ष)	गर्भवती महिलायें (कोई भी आयु)
1	$ 4,456	$ 1,732	$ 2,573
2	$ 6,047	$ 2,351	$ 3,492
3	$ 7,639	$ 2,970	$ 4,411
4	$ 9,230	$ 3,588	$ 5,330
5	$ 10,822	$ 4,207	$ 6,250
6	$ 12,414	$ 4,826	$ 7,169
हर अतिरिक्त सदस्य	$ 1,592	$ 619	$ 920

* आपके परिवार का आकार माता/पिता (माता-पिता) या केयरटेकर, और 21 वर्ष से कम आयु के खून के रिश्ते वाले ऐसे सभी बच्चों जो टैक्स विवरणी में आश्रित हों, और साथ ही आपके घर में रह रहे किसी भी अन्य टैक्स आश्रित व्यक्ति की कुल संख्या के द्वारा निर्धारित किया जा सकता है।

इसके लिये क्या कीमत चुकानी होती है?

बहुत से लोगों को NJ फैमिलीकेयर के लिए कोई भी दाम नहीं चुकाना होगा। बच्चों के साथ उच्च आय वाले परिवारों के लिए सह-भुगतान हेतु एक स्लाइडिंग स्केल वाला पैमाना है।

क्या कोई प्रतिबन्ध हैं?

19 वर्ष से कम आयु के बच्चे एनजे फैमिलीकेयर (NJ FamilyCare) के पात्र हो सकते हैं, फिर चाहे उनके आप्रवासन की स्थिति कुछ भी क्यों न हो। गर्भवती महिलाएं जो विधि मान्य रूप से मौजूद हैं, वे पात्र हो सकती हैं, फिर चाहे अमेरिका में प्रवेश करने की उनकी तारीख कुछ भी क्यों न हो। सामान्य रूप से, आप्रवासी वयस्कों के पास एनजे फैमिलीकेयर (NJ FamilyCare) की पात्रता के लिए कम से कम पांच वर्षों से कानूनी स्थाई निवासी स्टेटस ज़रूर होना चाहिए। कुछ आप्रवासी वयस्क पात्र हो सकते हैं यदि वे विधि मान्य रूप से मौजूद हैं, फिर चाहे उन्होने अमेरिका में कभी भी प्रवेश क्यों न किया हो। उदाहरणों में शरणार्थी और शरणार्थी का दर्जा चाहने वाले तथा कुछ अन्य शामिल हैं। 19 से 20 वर्ष के आप्रवासी जो विधि मान्य रूप से मौजूद हैं तथा जिनकी आय बहुत ही कम है, वे भी पात्र हो सकते हैं।

और अधिक जानकारी कैसे प्राप्त करें?

यह पता करने के लिए कि क्या आप योग्य हैं, या और अधिक जानकारी के लिए, फोन करें या हमारी वेबसाइट देखें।

1-800-701-0710 (TTY: 711)
(बहुभाषी ऑपरेटर्स उपलब्ध)

ऑनलाइन आवेदन करें!
www.njfamilycare.org

NJ FamilyCare, लागू संघीय नागरिक अधिकार कानूनों का अनुपालन करता है और जाति, रंग, राष्ट्रीय मूल, लिंग, उम्र या विकलांगता के आधार पर भेदभाव नहीं करता है। यदि आप हिन्दी बोलते हैं तो, आपको भाषा सहायता सेवायें नि: शुल्क उपलब्ध हैं। 1-800-701-0710 (TTY: 711) पर फोन करें।

NJFC-FS-HINDI-0124